गुरूवार
नालन्दा, 06.02.2025
नालन्दा नं0-1 अखबार
अपना शहर अपना खबर
# अपना नालन्दा
पेज-01 वर्ष:1, अंक:12
www.apnanalanda.com

## कृष्ण बल्लभ प्रसाद ने संघर्ष के बल पर समाज को नई दिशा दी, गरीबों, दबे-कुचले लोगों की आवाज को बुलंद किया:-लालू प्रसाद यादव

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे दिवंगत कृष्ण बल्लभ प्रसाद की 24वीं पुण्यतिथि बुधवार को इस्लामपुर स्थित जी एम के हाई स्कूल के मैदान में मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उनके पुत्र और राजद विधायक राकेश कुमार रौशन ने की, जबकि मंच का संचालन मिथलेश यादव ने किया। कार्यक्रम में महागठबंधन के नेता, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। पुण्यतिथि के अवसर पर सभी ने दिवंगत नेता के योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने कहा कि कृष्ण बल्लभ प्रसाद ने संघर्ष के बल पर समाज को नई दिशा दी और गरीबों, दबे–कुचले लोगों की आवाज को बुलंद किया। उन्होंने कहा कि आज के पूंजीवादी व्यवस्था में कोई जनप्रतिनिधि संतुष्ट नहीं है, हम सभी को एकजुट होकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। महिला को 2500 रुपये खाता में डालेंगे, जैसे झारखंड में दिया जाता है, और बिजली मुफ्त देंगे। हिलसा के पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव ने कहा कि कृष्ण बल्लभ प्रसाद जैसे जन



नायक शायद ही किसी को देखने को मिलें, जिन्होंने देश और समाज के लिए अपना परिवार भी त्याग दिया। वे सरल, सहज और सादगी के प्रतीक थे। उनके आदर्शों पर चलकर हम समाज और देश को एक मजबूत राष्ट्र की ओर उन्मुख कर सकते हैं। लालू प्रसाद यादव इस्लामपुर पहुंचने के बाद पहले बड़ी दुर्गा स्थान गए और फिर थाना परिसर में स्थित हजरत लोदी शाह रहमतुल्ला अलैहे के आस्ताने पर जाकर दुआ की। इस मौके पर पूर्व मंत्री जयप्रकाश यादव, पूर्व विधायक बैजू यादव, अल्पसंख्यक राजद जिलाध्यक्ष शहाबुद्दीन, प्रखंड अध्यक्ष इस्राइल उर्फ बर्बाद सिंह, बच्चन यादव, मंजू रौशन आदि लोग भी उपस्थित थे।

## नीतीश के शासन में अपराधियों का बोलबाला व पुलिसिया दमन बढ़ा है:-सुरेंद्र राम

अपना नालंदा संवाददाता

करायपरसुराय। अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक भाकपा–माले के प्रखंड कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता किसान महासभा के जिला अध्यक्ष मुनीलाल ने की, जबकि भाकपा–माले के जिला सचिव सुरेंद्र राम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव सुरेंद्र राम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब भाजपा के प्रभाव में आ चुके हैं। उनके शासन में अपराधियों का बोलबाला है और पुलिसिया दमन बढ़ गया है। उन्होंने मधुबनी के बेनीपट्टी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक प्रशिक्षु पुलिस अधिकारी ने मोहम्मद इमाम फिरोज की बेरहमी से पिटाई कर उनका अपमान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थकों द्वारा लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। सासाराम सांसद मनोज राम पर जातिगत हमले का आरोप लगाया गया। फुलवारी शरीफ के विधायक गोपाल रविदास को उनके विकास कार्यों में बाधा पहुंचाई गई और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया। किसान महासभा के जिला सचिव पाल बिहारी लाल ने कहा कि सरकार सिक्स लेन परियोजना



के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन जबरन अधिग्रहण कर रही है और उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने 11 फरवरी को मसौढ़ी के द्वारकानाथ कॉलेज में किसान महापंचायत में अधिक से अधिक किसानों से भाग लेने की अपील की। हिलसा सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि सरकार कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति लाकर किसानों को कॉरपोरेट के हाथों सौंपना चाहती है। उन्होंने घोषणा की कि 20 से 22 फरवरी तक विरोध मार्च निकाला जाएगा और 9 मार्च को गांधी मैदान में महाजुटान रैली आयोजित की जाएगी। बैठक में विजय यादव, कामेश्वर प्रसाद, साधु बिंद, जयप्रकाश राम सहित कई नेताओं ने भाग लिया।

## सेवानिवृत्त बीईओ कल्पना मिश्रा को दीं गई विदाई




अपना नालंदा संवाददाता

चंडी । प्रखंड संसाधन केंद्र चंडी के कार्यालय प्रांगण में बुधवार को सेवानिवृत्त प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कल्पना मिश्रा के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान, उन्हें माला पहनाकर और बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही अंगवस्त्र और उपहार भी दिए गए। कार्यक्रम में बीडीओ राजदेव कुमार रजक और उप प्रमुख दयानंद यादव भी उपस्थित रहे। शिक्षकों ने बुके देकर कल्पना मिश्रा का स्वागत किया, और कृत कुमार ने कार्यक्रम का मंच संचालन किया। इस अवसर पर बीडीओ राजदेव कुमार रजक ने कहा कि विदाई एक ऐसा शब्द है जो सुनते ही दिलों में करुणा भर देता है, लेकिन यह जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है। उप प्रमुख दयानंद यादव ने कहा कि बीईओ साहब के व्यवहार के कारण वे हमेशा सभी के दिलों में बसे रहेंगे और कभी भी किसी से भेदभाव नहीं किया। सेवानिवृत्त बीईओ कल्पना मिश्रा ने अपने सहकर्मियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सेवाकाल के दौरान जो सहयोग मिला, वह वे हमेशा याद रखेंगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि यदि उन्होंने किसी को दुखी किया हो तो वे क्षमा प्रार्थी हैं। इस अवसर पर थरथरी बीईओ पुष्पा कुमारी सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

## नाइटिंगेल वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न, बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

**अभिभावकों बेटा-बेटी के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें:-परमानंद कुमार**




अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। राजगीर स्थित नाइटिंगेल वर्ल्ड स्कूल का तीसरा वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह का उद्घाटन नगर परिषद की मुख्य पार्षद जीरो देवी, स्कूल के निदेशक परमानंद कुमार और प्राचार्य ऋषिपाल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज और देश के विकास के लिए संस्कारयुक्त शिक्षा आवश्यक है।अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल के निदेशक परमानंद कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि नाइटिंगेल वर्ल्ड स्कूल न केवल किताबी ज्ञान देता है, बल्कि खेल और संस्कारों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी जोर देता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बेटा–बेटी के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। विद्यालय के प्राचार्य ऋषिपाल कुमार ने स्कूल की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि यहां छात्रावास, डिजिटल बोर्ड, प्रयोगशाला और कंप्यूटर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था है। छठी कक्षा से ही प्रायोगिक शिक्षा दी जाती है, जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। वार्षिकोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। नृत्य–नाटिका के माध्यम से मोबाइल और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर जागरूकता फैलाई गई। बच्चों ने बताया कि जरूरत से ज्यादा मोबाइल का उपयोग शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। विद्यालय के कई छात्र प्रांतीय और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक जीत चुके हैं। निदेशक परमानंद कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद भी बच्चों के विकास में अहम भूमिका निभाता है। समारोह के अंत में सभी अतिथियों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और स्कूल के प्रयासों की सराहना की।

## किसान जैविक और कार्बनिक खाद का ज्यादा उपयोग करें ,ताकि मिट्टी स्वस्थ रहे:-डॉ. रणधीर कुमार

**ज्ञान को बांटने से बढ़ता है और किसी भी ज्ञानी व्यक्ति को कभी भूखा नहीं रहना पड़ता:-डॉ. विनोद कुमार**




विजय प्रकाश उर्फ पिंनु

नूरसराय(अपना नालंदा)। नालन्दा उद्यान महाविद्यालय, नूरसराय में बुधवार को इनपुट डीलरों के 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार, डॉ. आजाद और आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस प्रशिक्षण में नालन्दा, नवादा, गया, औरंगाबाद और पटना के डीलर भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार ने कहा कि डीलर 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करें और किसानों को खाद की संतुलित मात्रा के बारे में जागरूक करें ताकि मिट्टी का संरक्षण हो सके। उन्होंने बताया कि आजकल किसान यूरिया और अन्य रासायनिक खाद का अधिक उपयोग कर रहे हैं, जिससे मिट्टी की गुणवत्ता खराब हो रही है। उन्होंने किसानों को जैविक और कार्बनिक खाद के उपयोग पर जोर दिया, ताकि मिट्टी स्वस्थ रहे और आने वाली पीढ़ी भी अच्छी खेती कर सके। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि ज्ञान को बांटने से बढ़ता है और किसी भी ज्ञानी व्यक्ति को कभी भूखा नहीं रहना पड़ता। उन्होंने डीलरों से आग्रह किया कि वे 15 दिनों में जो कुछ भी सीखेंगे, उसे किसानों तक पहुंचाएं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में किसानों को जलवायु अनुकूल खेती अपनाने का भी आह्वान किया और कहा कि गोबर खाद और कार्बनिक खाद का उपयोग खेती में लागत कम करने में मदद करेगा। इस अवसर पर डॉ. आजाद, डॉ. आनंद और डॉ. महेश कुमार सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# बृजनन्दन उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, समाजसेवा में योगदान को किया याद



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ।। तपोवन तीर्थ रक्षार्थ पंडा कमिटी के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रख्यात शास्त्रीय संगीतज्ञ बृजनन्दन उपाध्याय की छठी पुण्यतिथि महावीर धर्मशाला, राजगीर में आयोजित की गई। इस अवसर पर नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. जयनंदन पांडेय ने की। उन्होंने कहा कि बृजनन्दन उपाध्याय एक ईमानदार समाजसेवी थे, जिन्होंने धार्मिक स्थलों के संरक्षण और जीर्णोद्धार में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से ब्रह्मकुंड क्षेत्र, गढ़ महादेव मंदिर और श्री देवी स्थान मंदिर को नया स्वरूप मिला। वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि वे सबको साथ लेकर चलते थे और उनकी कीर्ति आज भी लोगों के हृदय में जीवंत है। पूर्व जिला पार्षद अनीता गहलौत ने उन्हें मिलनसार व्यक्तित्व का धनी बताया, जबकि लक्ष्मीनारायण सिंह ने कहा कि कर्म ही उनकी पहचान थी। इस अवसर पर वरीय वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, पूर्व एनएसी उपाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार सिंह, उपेन्द्र कुमार विभूति (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आसा), श्वेताम्बर जैन कोठी के प्रबंधक झानेंद्र पांडेय, संजीव कुमार जैन, श्यामदेव राजवंशी, डॉ. प्रमोद कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, अनिता कुमारी गुप्ता, सुधीर कुमार उपाध्याय, संजय कुमार उपाध्याय, बादल उपाध्याय सहित कई अन्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गणेश शंकर पांडेय ने किया। उपस्थित लोगों ने उनके समाजसेवा के कार्यों को प्रेरणादायक बताते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# पटेल युवा क्लब द्वारा सरस्वती पूजा पर भव्य भंडारे का आयोजन



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ।बिहारशरीफ के पटेल नगर शिवपुरी मोहल्ला में सरस्वती पूजा के दूसरे दिन पटेल युवा क्लब द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। क्लब के सदस्य सुशांत कुमार ने बताया कि इस आयोजन के तहत मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई, साथ ही बुद्धि, विद्या, सुख और शांति की कामना की गई। उन्होंने बताया कि यह परंपरा पिछले 15 वर्षों से चली आ रही है और मोहल्ले के लोगों का भरपूर सहयोग प्राप्त है। भंडारे में उपस्थित श्रद्धालु रवीना कुमारी ने प्रसाद की सराहना की और व्यवस्था को बेहतर बताया। इस मौके पर कुंदन कुमार, सोनू, मोनू, अविनाश, सौरव, नीतीश, धर्मपाल, संजीव, संजीत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




# पावाडीह पंचायत सरकार भवन स्थल चयन में धांधली का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

## सीओ पर राजनीतिक दबाव में गलत स्थल चयन का आरोप

अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ।। सिलाव प्रखंड के पावाडीह पंचायत सरकार भवन के स्थल चयन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मुख्य सचिव और पंचायती राज विभाग के एसीएस के आदेशों को दरकिनार कर सीओ द्वारा मनमाने तरीके से स्थान चयन किया गया है। पहले यह नियम था कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण पंचायत मुख्यालय गांव में ही किया जाएगा। लेकिन बाद में पंचायती राज विभाग के तत्कालीन एसीएस (अब मुख्य सचिव) अमृत लाल मीणा द्वारा नीतिगत बदलाव किया गया, जिसके तहत अगर मुख्यालय में भूमि उपलब्ध नहीं हो तो अधिक आबादी वाले राजस्व ग्राम को प्राथमिकता दी जाएगी। यदि दो गांवों की आबादी समान हो तो अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर स्थल चयन किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए पूर्व के पंचायत भवन चंडी मौ की जगह को बदलकर शमशेरा में स्थल चयन किया गया है, जहां सामान्य और अनुसूचित जाति दोनों की आबादी चंडी मौ से काफी कम है। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने इस निर्णय का कड़ा विरोध किया और डीएम से मिलकर पंचायती राज विभाग के नीतिगत फैसले के अनुसार स्थल चयन कराने की मांग की। ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय



कुमार चौधरी, पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, और पंचायती राज विभाग के एसीएस दिवेश सेहरा को ज्ञापन देकर नियमों के अनुसार उचित स्थल चयन कराने की गुहार लगाई है। 2011 की जनगणना के अनुसार, पावाडीह पंचायत में आठ राजस्व गांव हैं।

पावाडीह की आबादी 2,752 (अनुसूचित जाति 1,015, अन्य जाति 1,737)

चंडी मौ की आबादी 2,796 (अनुसूचित जाति 1,006, अन्य जाति 1,789)

कमल बिगहा की आबादी 2,178 (अनुसूचित जाति 654, अन्य जाति 1,524)

गोर बिगहा की आबादी 1,181 (अनुसूचित जाति 300, अन्य जाति 881)

चमरडीहा की आबादी 625 (अनुसूचित जाति 73, अन्य जाति 552)

धमार की आबादी 481 (अनुसूचित जाति 1, अन्य जाति 480)

लक्ष्मीपुर की आबादी 369 (अनुसूचित जाति 355, अन्य जाति 14)

शमशेरा की आबादी 620 (अनुसूचित जाति 215, अन्य जाति 405) ग्रामीणों का कहना है कि चंडी मौ में पंचायत भवन के लिए पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, और वहां की आबादी भी अधिक है। फिर भी सीओ द्वारा कम आबादी वाले शमशेरा में स्थल चयन करना नियमों की अवहेलना है। ग्रामीणों का कहना है कि शमशेरा पंचायत के अंतिम छोर पर स्थित है, जिससे लोगों को सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में काफी कठिनाई होगी। पंचायत सरकार भवन का निर्माण यदि चंडी मौ में किया जाता है तो सभी गांवों के लिए पहुंचना आसान होगा। सरकारी कर्मियों से लेकर आम जनता तक को शमशेरा जाने में अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ेगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सीओ ने राजनीतिक दबाव में आकर गलत स्थल का चयन किया है। उनका कहना है कि पूर्व से बने पंचायत भवन के समीप ही नया भवन बनाने का नियम है। चंडी मौ में पहले से पंचायत भवन है और वहां पर्याप्त जमीन भी उपलब्ध है, फिर भी नियमों की अनदेखी कर शमशेरा में स्थल चयन किया गया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप कर पुनः स्थल चयन करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द संज्ञान नहीं लिया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने डीएम से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में पंचायत सरकार भवन सही स्थान पर बने और जनता को किसी तरह की असुविधा न हो।

# लालू यादव के कार्यक्रम के दौरान पॉकेटमारों ने आम से लेकर खास कई लोगों के पैसे उड़ाए

अपना नालंदा संवाददाता

इस्लामपुर । राजद सुप्रीमो लालू यादव के इस्लामपुर आगमन पर पॉकेटमारों ने खुलकर लूट मचाई और कई लोगों को निशाना बनाया। दुर्गा स्थान गर्भगृह में पूजा के दौरान और वहां जाने–आने के दौरान पॉकेटमारों ने आम से लेकर खास कई लोगों के पैसे उड़ा लिए। भाकपा माले के अंचल सचिव उमेश पासवान से 21,500 रुपये, व्यवसायी बीरेन्द्र प्रसाद उर्फ मुन्ना जी के पुत्र आकाश कुमार से 12,500 रुपये, इस्लामपुर नगर परिषद की सदस्य प्रतिभा सिन्हा के प्रतिनिधि पति प्रेम कुमार से 6,000 रुपये, और स्थानीय सांसद के गृहग्राम हैदरचक के किसान मनीष पाण्डेय से 12,700 रुपये चोरी कर लिए गए। इसके अलावा कई अन्य लोगों से भी उनके पैसे चोरी हो गए। इस घटना ने राजद सुप्रीमो के आगमन की खुशी को गम में बदल दिया। हालांकि, भुक्तभोगियों ने रूठे मन से कार्यक्रम में शिरकत की। भाकपा माले के अंचल सचिव उमेश पासवान और व्यवसायी आकाश कुमार ने स्थानीय थाना में इस घटना के खिलाफ लिखित शिकायत दी है, और पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# पेट्रोल पंप मालिक के घर पर गोलीबारी मामले में पीड़ित ने पुलिस से बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी की मांग



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ।बिहार थाना क्षेत्र के अजीज घाट बैगन वार्ड रोड स्थित पेट्रोल पंप मालिक के घर पर हुई गोलीबारी में पीड़ित ने पुलिस से जल्द बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित विभाष कुमार ने बताया कि वे और उनका परिवार घर पर सो रहे थे, तभी गोली चलने की आवाज आई। जब बाहर निकले तो कोई नहीं था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी और मौके पर जांच की गई। विभाष कुमार की मां ने कहा कि उन्हें किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, और इस घटना से पूरा परिवार भयभीत है, इसलिए वे पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# घर में आग लगने से गाय की मौत, 50 हजार की संपत्ति जलकर राख



अपना नालंदा संवाददाता

थरथरी।थरथरी थाना क्षेत्र के छोटी छरियारी में घर में आग लगने से एक गाय गंभीर रूप से झुलसकर मौत हो गई। घटना के समय घर में सभी सदस्य सो रहे थे। सत्येन्द्र पाण्डेय ने बताया कि खाना बनाने के बाद आग को पानी से बुझा दिया था, लेकिन संभवतः थोड़ा आग बच गया था, जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। घर में रखे कपड़ा, चावल, गेहूँ सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया, जिससे लगभग 50 हजार रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ। सत्येन्द्र पाण्डेय ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

# नूरसराय थाना के टॉप टेन अपराधी संतोष यादव गिरफ्तार

अपना नालंदा संवाददाता

नूरसराय। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नूरसराय थाना के टॉप टेन अपराधी संतोष कुमार उर्फ संतोष यादव (30 वर्ष), पिता राजकुमार यादव, निवासी अजयपुर को गिरफ्तार किया है। संतोष यादव के खिलाफ नूरसराय थाना में हत्या और हत्या के प्रयास से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। वह लंबे समय से वांछित था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया। छापेमारी टीम का नेतृत्व थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया। टीम में अपर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ठाकुर सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# लोडेड कट्टे और कारतूस के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

अपना नालंदा संवाददाता

गिरियक। गिरियक थाना क्षेत्र के हैबतपुर मोड़ के पास से पुलिस ने दो अपराधियों को लोडेड देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। घटना रात्रि शाम करीब 7:00 बजे की है, जब पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ लिया। गिरियक थानाध्यक्ष साकेन्द्र कुमार बिंद ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि खराट मोड़ की ओर से दो संदिग्ध व्यक्ति हथियारों के साथ हैबतपुर मोड़ पर दहशत फैलाने के इरादे से खड़े हैं। पुलिस ने तुरंत एक टीम गठित कर घेराबंदी की और सैदपुर गांव के सुरेंद्र यादव के पुत्र निरंजन कुमार और रघुनंदन यादव के पुत्र बबलू यादव को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान निरंजन कुमार के पास से बाईं कमर में छिपा एक लोडेड



देशी कट्टा और पॉकेट से एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ, जबकि बबलू यादव के पास से एक लोडेड देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस मिला। जांच में पता चला कि दोनों अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। इससे पहले भी उन्होंने खराट मोड़ के पास दुकानदारों पर फायरिंग कर दहशत फैलाई थी, जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज था और दोनों फरार चल रहे थे।

# भवानीविगहा में मारपीट और गोलीबारी मामले में 11 आरोपी गिरफ्तार, एक वांछित अभियुक्त भी शामिल

अपना नालंदा संवाददाता

करायपरसुराय। चिकसौरा थाना क्षेत्र के भवानीविगहा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और गोलीबारी की घटना में पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इन आरोपियों में सूरज उर्फ रंजय उर्फ फूदना भी शामिल है, जो समस्तीपुर जिले के उजियारपुर ओपी के थाना अध्यक्ष की हत्या के मामले का वांछित अभियुक्त था। हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को भवानीविगहा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। घटना के बाद पुलिस ने छानबीन की और 15 आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान शुरू किया गया। पुलिस टीम ने बबलू कुमार, रविंद्र यादव, अरुण गोप, कैलाश यादव, योगेंद्र यादव, सुरेंद्र यादव, कलेंदु यादव, सुरेंद्र गोप, विक्की कुमार, सूरज उर्फ रंजय उर्फ फूदना और धनेश गोप को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई छापामारी में आरोपियों से एक देसी कट्टा और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सूरज उर्फ रंजय उर्फ फूदना का आपराधिक इतिहास रहा है और वह उजियारपुर ओपी के थाना अध्यक्ष की हत्या में वांछित था। पुलिस की टीम छापेमारी में जुटी हुई है और शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।



# 16 फरवरी को कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आप सबकी आवाज पार्टी की हुई बैठक



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। महताब पैलेस में आप सबकी आवाज (आसा) पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर अध्यक्ष महेश कुशवाहा की अध्यक्षता में पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर 16 फरवरी 2025 को सोगरा कॉलेज मैदान में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष विपिन कुमार यादव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुन्ना सिद्दीकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह मुख्य अतिथि होंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। बैठक में बिपिन कुमार यादव ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से आसा पार्टी की विचारधारा को जन–जन तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ और रहुई प्रखंड से लगभग 10,000 कार्यकर्ता इसमें शामिल होंगे। मुन्ना सिद्दीकी ने कहा कि पार्टी ने तीन महीने में ही बिहार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा ली है और यह सम्मेलन संगठन को और सशक्त करेगा। सम्मेलन की तैयारियों के लिए समितियों का गठन सम्मेलन को व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए स्वागत, प्रचार, मंच प्रबंधन और सुरक्षा समितियों का गठन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव माणिकचंद कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष रियाजुल हक, जिला अध्यक्ष आनंद कुमार सहित कई नेता मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

# हिलसा में राजद सुप्रीमो लालू यादव का किया गया भव्य स्वागत

अपना नालंदा संवाददाता

हिलसा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव को बुधवार की सुबह ग्यारह बजे हिलसा पश्चिमी बाइपास पर राजद कार्यकर्ता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव पटना से इस्लामपुर जाने के क्रम में हिलसा बाइपास से होते हुए जाना था। इस्लामपुर में पूर्व विधायक स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ प्रसाद की 24 वीं पूण्यतिथि पर माल्यार्पण करना था। ज्ञात हो कि स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह इसलामपुर विधानसभा के पूर्व विधायक थे। इनकी कार्यशैली से इस्लामपुर के लोगों के दिल में बसते थे। यहाँ के लोगों के द्वारा गया–पटना–राजगीर मार्ग पर स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह का आदम कद की प्रतिमा स्थापित किया गया। इनके आदमकद प्रतिमा के स्थापित होने के बाद



उस जगह का नाम के.बी.चौक हो गया। यहाँ पर प्रत्येक साल स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि मनाया जाता है। अभी वर्तमान में राकेश कुमार रौशन का विधायक है।






# पाँच राज्यों के युवाओं के शिविर का समापन, अनुभवों का आदान-प्रदान



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। बुधवार को नेहरू युवा केंद्र नालंदा और माय भारत द्वारा आयोजित सीमावर्ती क्षेत्र युवा आदान–प्रदान शिविर का समापन हुआ। इस चार दिवसीय शिविर में विभिन्न राज्यों के युवाओं ने भाग लिया और अपने अनुभवों को साझा किया। सिक्किम के गंगटोक से आए गोपाल गौतम ने कहा कि शिविर के दौरान प्रशिक्षकों द्वारा दिए गए उदाहरणों से उनका ज्ञान बढ़ा और कई ऐतिहासिक स्थलों को देखने का मौका मिला। वहीं, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से आए तरुण मंडल ने बिहार में विभिन्न राज्यों की संस्कृति, खानपान और काम करने के तरीकों को सराहा। हालांकि, उन्होंने बिहार के रेलवे स्टेशन, सफाई और बुक स्टाल जैसी सुविधाओं में सुधार की आवश्यकता जताई। उत्तरप्रदेश के बहराइच से आए रफीक उद्दीन ने बिहार की सांस्कृतिक धरोहर की सराहना की, जबकि मेघालय की नुस्ताइन से आई मेवारी सीसा लिखोई ने कहा कि बिहार में उन्हें हरियाली, स्वागत और खानपान के रूप में एक नई अनुभव मिला, जो उनके जीवन का बेहतरीन उदाहरण है।

आसाम के सिरंग से आए दीपक वासुमोताखरी ने शिविर में रहने की व्यवस्था और साफ–सफाई में सुधार की आवश्यकता जताई। समापन समारोह में सिक्किम के युवाओं ने युवा अधिकारी पिकी गिरी जी और उनकी टीम का अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मेघालय टीम ने पूरे भारत को समर्पित एक गीत गाकर आभार व्यक्त किया। अंत में, सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र युवा अधिकारी पिकी गिरी और अधिवक्ता कुमुद रंजन सिंह द्वारा प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र नालंदा के लेखपाल राजेश कुमार सिंहा, पिंटू कुमार, अखिलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, विकास कुमार और प्रकाश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय नाई संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन



अपना नालंदा संवाददाता

बिहारशरीफ। मंगलवार को सोहसराय में अखिल भारतीय नाई संघ (ट्रेड यूनियन) की जिला कार्यकारिणी बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने की। इस बैठक में संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। राकेश बिहारी शर्मा को संयोजक, रंजीत कुमार अकेला को उपाध्यक्ष, जनार्दन ठाकुर को सचिव, परमिंद्र कुमार शर्मा, बब्लू भैया और पंकज कुमार को महासचिव तथा राकेश कुमार (बब्लू) कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। महिला मोर्चा की अध्यक्ष के रूप में अनीता देवी का चयन किया गया, साथ ही अनीता देवी, सुनीता देवी, रीता देवी, मीरा देवी और अन्य को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। नव नियुक्त संयोजक राकेश बिहारी शर्मा ने कार्यकारिणी सदस्यों और पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नाई समाज का समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान है, और इसके उत्थान के लिए शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने प्रखंड स्तर पर मजबूत कमेटी बनाने का प्रस्ताव रखा, जबकि उपाध्यक्ष रंजीत कुमार अकेला ने शिक्षा के महत्व पर बल दिया। संरक्षक मकसूदन शर्मा ने नाई समाज के शैक्षिक और राजनीतिक अधिकारों की कमी पर चिंता जताई।

# मध्य विद्यालय अस्ता में पानी की गंभीर समस्या, छात्र परेशान

अपना नालंदा संवाददाता

थरथरी। मध्य विद्यालय अस्ता में पानी की घोर समस्या ने छात्र–छात्राओं और अभिभावकों की परेशानी बढ़ा दी है। विद्यालय में दो हैंडपंप और दो बोरिंग होने के बावजूद भी पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। लगातार हैंडपंप और बोरिंग खराब होते गए, लेकिन उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका ज्योति कुमारी ने बताया कि लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता से लेकर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी तक को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थिति यह हो गई है कि छात्र–छात्राओं को घर से पानी लाना पड़ रहा है। मध्याह्न भोजन के लिए भी विद्यालय को अन्यत्र से पानी मंगवाना पड़ता है। खाने के बाद बच्चों को प्लेट धोने के लिए इधर–उधर भटकना पड़ता है। विद्यालय में नामांकित 433 विद्यार्थियों में से प्रतिदिन 250–300 बच्चे आते हैं, जो पानी की इस



समस्या से जूझ रहे हैं। फिलहाल, स्कूल के पास के एक मकान से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। वहीं, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पुष्पा कुमारी ने बताया कि एक हैंडपंप और दोनों बोरिंग पहले ठीक थे, लेकिन हाल ही में खराब हुए होंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी। बावजूद इसके, विद्यालय प्रशासन और अभिभावक इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग कर रहे हैं, ताकि बच्चों को बुनियादी सुविधा से वंचित न रहना पड़े।

आपके शहर का एक मात्र संस्थान जहाँ
प्रोग्रेस नहीं तो फीस नहीं
पढ़ाई एक भाषा की ज्ञान तीन भाषा की एक साथ
Admission Free...
आकाश विद्यापीठ
धनेश्वरघाट, कांग्रेस कमिटी के पीछे, बिहार शरीफ
मो. 7368086798, 9852419182

BEENFELD®
FIRE SAFETY AND SERVICES
All Types of Fire Extinguisher, Hydrant, Hoses, Refills, Complete Fire Protection & Safety Items
2nd Floor
Add: Bahadurpur Housing Colony, Bhoothnath Road, Patna 800026
+91 9241 666317 | +91 93414 92504 www.beenfeldfireservice.in

20 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में
बच्चों की मुस्कान
Estd.- 2005
Reestablished- 2021
Reg. No.- 22913872021112719220४
राष्ट्र की शान
9334304341
7563996997
8873996997
BIHAR CENTRAL SCHOOL
Shiksha Nagar, Doiya (Near Kut Factory) N.H.-17 (Nalanda)
प्रिय अभिभावकों,
जिस तरह आप अपने बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं, तो उसी तरह हम भी उन्हें सुखद और समृद्ध बनाने के लिए कृत संकल्पित हैं । बिहार की पावन धरा जिस तरह विश्व को ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित कर रही है । जिसका एक प्रारूप ''बिहार सेन्टल स्कूल'' है ।
इसकी कुछ विशेषताएँ इस प्रकार हैं–
• कुशल एवं योग्य शिक्षकगण ।
• अनुशासित शैक्षणिक वातावरण ।
• सी.सी.टी.वी. कैमरे से लैस कैंपस ।
• सभी मार्गों के लिए वाहन की सुविधा ।
• साफ सुथरा तथा 'इको फ्रेंडली' स्कूल कैंपस ।
• पढ़ाई के साथ–साथ अनेक खेलों की सुविधा ।
• सुसज्जित प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कंप्यूटर लैब ।
• समय–समय पर शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।
Bumper Discount
₹ 5000/- + Educational Kit Free
Play Group to 10th
Admissions OPEN
New Admission Session 2025-2026
OFFER Up to 1st March 2025
Principal
SHYAM SUNDAR PRASAD
विशेष धमाका ऑफर (प्रतिभा अनुरूप नामांकन में भी छूट)

अपनी कविता शायरी रचनाएं एवं विज्ञापन के लिए हमारे व्हाट्सएप नंबर पर भेजें :-
apnanalandaofficial881@gmail.com 70705 72018